सीआरपीएफ परिवार के मेधावी बच्चों को अपर महानिदेशक ने किया सम्मानित

के.रि.पु.बल द्वारा दिनांक 08 सितम्बर 2018 को ग्रुप केन्द्र, रॉची में बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया । इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्री कुलदीप सिंह, आई.पी.एस, अपर महानिदेशक, केरिपुबल द्वारा केरिपुबल अधिकारियों एवं जवानों के बच्चों, जिन्होंने 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षा में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किये हैं, को विशेष पुरस्कार प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया । साथ ही इस कार्यक्रम में ''चमकते सितारे'' नामक प्रतियोगिता के अंतर्गत कराये गये बैडमिंटन, कैरम, नृत्य, पेंटिंग, कथा–लेखन, सामान्य ज्ञान इत्यादि प्रतियोगिताओं के विजेता एवं उपविजेता बच्चों को विशेष पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया । कार्यक्रम के समापन के दौरान मुख्य अतिथि ने बच्चों का उत्साहवर्द्धन करते हुए बताया कि वे इसी प्रकार आगे भी देश का नाम सभी क्षेत्रों में रोशन करते रहें । मुख्य अतिथि ने यह भी बताया कि बल के अधिकारी/जवान अपनी ड्यूटियों से अधिक समय नहीं निकाल पाते हैं इसलिए बच्चों की अच्छी शिक्षा–दीक्षा की सारी जिम्मेदारी घर की महिलाओं के उपर आ जाता है, जिन्होंने अपने बच्चों को अच्छे संस्कार दिये हैं। इसके लिए वे विशेष बधाई के पात्र हैं।

इस अवसर पर ग्रुप केन्द्र, रांची परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम का भी अयोजन किया गया जिसमें वृक्षारोपण कर पर्यावरण को स्वच्छ रखने का संदेश दिया गया । कार्यक्रम में श्री संजय आनंद लाठकर, पुलिस महानिरीक्षक झारखंड सेक्टर, पुलिस उप महानिरीक्षक श्री अखिलेश प्रसाद सिंह, श्री डी. एस. राठौर, श्री चंद्र भूषण, श्री मनीष सच्चर के अतिरिक्त अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण एवं भारी तादाद में जवान भी उपस्थित रहे ।

10th Board 2018
CONGRATULATIONS
95.6%
APOORVA SANJAY LATHKA

राँची

PLANTED BY
SH. S.A. LATHKAR